# बदरीनाथ मार्ग पर मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला मोबाइल वैन हुई शुरू

**नियमित निरीक्षण**

**-मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण वाले की मदद से खाद्य पदार्थों की मौके पर ही की जा रही जांच**



**गोपेश्वर/टीम एक्शन इंडिया**
चारधाम यात्रा को देखते चमोली जनपद में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर प्रशासन की ओर से नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। साथ ही खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच के लिये बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला की तैनाती की गई है। इसके माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों की जांच की जा रही है। शनिवार को चमोली बाजार में 70 खाद्य पदार्थों के नमूने लेकर मौके पर ही जांच की गई।
बदरीनाथ यात्रा पर आने वाले तीर्थ यात्रियों को सुरक्षित एवं गुणवत्ता युक्त भोजन की उपलब्ध करने के उद्देश्य से आज एफडीए उत्तराखंड एवं जिला प्रशासन, चमोली की संयुक्त टीम ने यात्रा मार्ग पर सघन निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान यात्रा मार्ग पर तैनात मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला में बाजारों से लिए 70 खाद्य पदार्थों की नमूनों की जांच की गई, जिनमें से 13 खाद्य पदार्थ मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए।
हालांकि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता मानव के असुरक्षित नहीं पाया गया। इस पर कारोबारियों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही टीम ने निरीक्षण के दौरान दो दुकानों में कालातीत हुई सामग्री को नष्ट करवा दिया है। अभिहित अधिकारी अमिताभ जोशी ने बताया कि मोबाइल खाद्य परीक्षण विश्लेषण शाला में किए गए परीक्षण की जानकारी कारोबारियों और अन्य को दी गई। साथ ही खाद्य पदार्थों गुणवत्ता को लेकर भी जानकारी दी गई।
उन्होंने कहा कि होटल, रेस्टोरेंट और ढाबा संचालकों को खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ ही सफाई पर विशेष ध्यान दिए जाने के निर्देश दिए। बताया कि जनपद चमोली में खाद्य सुरक्षा को लेकर निरंतर औचक निरीक्षण की प्रक्रिया जारी रहेगी।
इस मौके पर अपर जिलाधिकारी विवेक प्रकाश, उप जिलाधिकारी राजकुमार पांडे, उपायुक्त लैब राजेन्द्र सिंह कठायत, अभिहित अधिकारी अमिताभ जोशी, वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी संदीप मिश्र, कनिष्ठ खाद्य विश्लेषक मोबाइल लैब रमेश चन्द्र जोशी आदि मौजूद थे।

# 100 फिल्म्स रिट्रीट में प्रदर्शन के लिए नैनीताल में फिल्मायी गयी फिल्म 'कन्नू' का चयन

**फिल्म महोत्सव**

**इस फिल्म महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही यह इकलौती फिल्म है**



**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
अमेरिका के कैलिफोर्निया के प्रख्यात फिल्म महोत्सव 100 फिल्म्स रिट्रीट में 23 मई 2024 से प्रदर्शन के लिए नैनीताल के फिल्मकार संजय सनवाल की नैनीताल में फिल्मायी गयी फिल्म ह्यकन्नूह्न का चयन हुआ है।
बताया गया है कि इस फिल्म महोत्सव में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रही यह इकलौती फिल्म है। यदि यह फिल्म लगातार एक सप्ताह तक महोत्सव में प्रदर्शित हो जाती है, तो फिल्म प्रतिष्ठित आस्कर पुरस्कार के लिए भी योग्य हो जायेगी।
यह फिल्म फ्रांस के कैन्स फिल्म महोत्सव 2023 में भी सम्मिलित थी। यह लगभग आधा दर्जन अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सवों में पुरस्कार के लिए मनोनीत हुई है और इसे अभी तक दस से भी ज्यादा अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार भी प्राप्त हो चुके हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### देहरादून की गौशाला में खुला पहला गौ आइसोलेशन वार्ड

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
दून एनिमल वेलफेयर संस्था ने देहरादून का पहला आइसोलेशन वार्ड बना कर तैयार किया है ,जिस आइसोलेशन वार्ड का मकसद है अधिक से अधिक संख्या में घायल गायों का रेस्क्यु कर उनको अच्छी सेवा वा ट्रीटमेंट दे कर उनकी जान को समय रहते बचाया जा सके, इस आइसोलेशन वार्ड की खासियत  है यह 24 घंटे एक हेल्पर और एक पैरावैट डॉक्टर हमेशा तैनात रहेंगे ताकि दिन रात सभी घायल गायों को सेवा दी जा सकें। आइसोलेशन वार्ड को मेंटेन करने के लिए कूलर पंखों की व्यवस्था की गई है ताकि हर मौसम में अनुकूल आइसोलेशन वार्ड की एयर को मेंटेन किया जा सके। 24 घंटे ठंडे पानी वा पोस्टिक आहार जैसे हरा चारा, खल, मिनरल मिक्सचर, चोकर, गुड इत्यादि की सुविधा भी की गई है ताकि घायल गायों को पौष्टिक आहार मिल सके और गाय जल्द से जल्द रिकवर हो सकें, 24 घंटो में कभी भी इमर्जेंसी पड़ने पर वेटनरी डॉक्टर की भी सुविधा दी जा रही है ताकि बडी से बड़ी समस्या होने पर समय रहते गाय को खतरे से बहार निकाल कर उसकी जान बचाई जा सके, मोबाइल एंबुलेंस घायल गायों को रोड से उठा कर गौ शाला तक शिफ्ट करने के लिए आज पशु कल्याण विभाग के निदेशक डॉक्टर नीरज सिंघल ने वैन का उद्घाटन किया और सराहना की गई की यह अब तक की सबसे बेहतर सुविधा है नही तो आए दिन गायों के रोड ऐक्सिडेंट में जान चली जाती थी पर सीमित संसाधन होने की वजह से सभी गायों को बचा पाना पॉसिबल नही हो पाता था अब एक कमान और एड होने से गायों को राहत मिलेगी, वही गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र अंथवाल ने आइसोलेशन वार्ड का उद्धघाटन करते हुए कहा कि यह हम सब गौ भक्तो के लिए एक खुशी का दिन है जहा एक और आए दिन रोड पर रोज एक्सीडेंट में गौ माता घायल हो जाति है और कोई जल्दी से सुध नहीं ले पाता तो ऐसे में ऐसी संस्थाएं ही कमान संभालते हैं दून एनिमल वेलफेयर संस्था द्वारा ये एक सराहनीय कार्य किया गया। इस मौके पर चीफ वेटनरी ऑफिसर डॉक्टर विद्या सागर कापड़ी, गो सेवा आयोग के अध्यक्ष पंडित राजेंद्र अंथवाल, निदेशक पशु पालन डॉक्टर नीरज सिंह सिंघल, आशु अरोड़ा, डॉक्टर नामित ,अभिषेक, कृष्णा धाम गौशाला से भूपेन्द्र चौधरी, विश्व हिंदू परिषद से राजेंद्र राजपूत, अंकुर आदि सैंकड़ों गौभगत उपस्थित रहे।
संस्था के संस्थापक आशु अरोड़ा ने बताया यह आइसोलेशन वार्ड 24 घंटे अपनी सेवा देता रहेगा , जिसमें एक हेल्पर और एक पैरावैट डॉक्टर हमेशा उपस्थित रहेंगे। साथ ही, वार्ड के अंदर कूलर पंखों की व्यवस्था भी की गई है, ताकि मौसम के अनुकूल वातावरण में सभी गायों को सही मात्रा में हवा मिल सके। इस वार्ड में 24 घंटे ठंडे पानी और पोषण पूर्ण आहार की सुविधा भी है, ताकि गायों को उचित पोषण और देखभाल मिल सके। इसके अलावा, इमर्जेंसी स्थिति में वेटनरी डॉक्टर की सुविधा भी उपलब्ध है, जो गायों को किसी भी समस्या के समय सहायता प्रदान करेंगे। दून एनिमल वेलफेयर संस्था में लगभग 1700 से अधिक घायल बीमार गौ माता की सेवा की जा रही है।

### हरिपुर में गुलदार और हाथी का आतंक, सोलर फेंसिंग को लेकर उठ रहे सवाल

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
देहरादून-हरिद्वार सीमा पर स्थित हरिपुर कलां में इन दिनों वन्यजीव गुलदार और हाथी लगातार दस्तक दे रहे हैं। वन्यजीव की इस क्षेत्र में लगातार दस्तक से स्थानीय निवासियों में खौफ बना हुआ है।
बीते दो दिनों से एक हाथी ने यहां आतंक मचा रखा है। शाम ढलते ही यह हाथी आबादी का रुख कर लेता है। बीते दो दिनों से यह लगातार प्रेम विहार चौक और आनंद उत्सव क्षेत्र में पहुंच रहा है। एक दिन पूर्व यह रात आठ बजे ही प्रेमविहार चौक पर पहुंच गया। इसके आते ही बाजार में हड़कंप मच गया।
आज सुबह भी यह आनंद उत्सव क्षेत्र में पहुंच गया था, जिसे स्थानीय वनकर्मियों ने बमुश्किल जंगल में खदेड़ा।
इस क्षेत्र में गुलदार की चहलकदमी भी लगातार देखी जा रही है। बीते रोज मोतीचूर बस्ती में गुलदार ने एक पालतू कुत्ते को अपना निवाला बना लिया, तो प्रेमविहार कालोनी के पास इसने एक बछिया का भी शिकार किया। जिन स्थानों पर यह घटना हुई, वहां पिछले वर्ष राजाजी टाइगर रिजर्व की ओर से हरिद्वार-मोतीचूर रेंज की सीमा पर सोलर फेंसिंग लगाई गई थी। मगर फेंसिंग लगते ही, इसे जगह जगह से काट दिया गया। इसके चलते वन्य जीव बे रोकटोक आबादी क्षेत्र में आ रहे हैं।

### बढ़ती गर्मी में सावधान रहे: डॉ. जोशी

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखंड में गर्म हवाओं को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के मैदानी इलाकों में गर्म हवाएं चलेंगी। देहरादून, ऊधमसिंहनगर और हरिद्वार में तापमान 40 से 41 डिग्री पहुंचने की संभावना है। 20 मई तक तापमान ज्यादा बढ़ेगा, जिसमें आम जनता को अधिक सावधान रहना चाहिए। चिकित्सकों ने भी इससे बचाव के उपाए बताए हैं।
इस संबंध में प्रमुख चिकित्सक फिजिशियन एसडी जोशी का कहना है कि गर्मी जानलेवा हो सकती है। गर्मी के कारण अधिक थकान, कमजोरी, चक्कर आना, जी मिचलाना, शरीर में ऐंठन जैसी स्थितियां दिखती है।

# मंगेतर के साथ की बेवफाई, जान गंवाकर चुकानी पड़ी कीमत

**बेवफाई**

**जंगल में मिली युवती के शव के मामले में पुलिस ने युवती के मंगेतर को गिरफ्तार कर लिया है**

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जंगल में मिली युवती के शव के मामले में पुलिस ने पर्दा उठाते हुए युवती के मंगेतर को गिरफ्तार कर लिया है। युवक ने बेवफाई के चलते अपनी प्रेमिका को मौत के घाट उतारा था। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने मृतका के मोबाइल के कुछ टूटे हिस्से भी बरामद किए हैं।
जानकारी के मुताबिक 14 अप्रैल को भगवानपुर थाने में खेलडी निवासी मोहर्रम अली ने अपनी 19 वर्षीय बेटी शौकीना के गुम हो जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। मोहर्रम ने बताया था कि बीती 13 अप्रैल की सुबह उसकी बेटी अपनी सहेली के घर सिकरोडा जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। भगवानपुर पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश के प्रयास किये, लेकिन गुमशुदा का कहीं कुछ पता न चलने पर गुमशुदगी को अपहरण में दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।



13 मई को थाना बुग्गावाला क्षेत्र के शाहमंसूर के जंगल में एक महिला का शव बरामद हुआ। गुमशुदा युवती के परिजनों ने बरामद शव की पहचान अपनी बेटी के रूप में की।
पुलिस टीम ने मृतका शौकीना के मोबाइल नम्बर में मिले संदिग्ध मोबाइल नम्बरों की पड़ताल कर सामने आए तथ्यों के आधार पर मृतका के मंगेतर शहराज पुत्र अजीज निवासी ग्राम खेलडी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ में कथित मंगेतर ने बताया कि चार-पांच साल से संबंध में रहने पर उसकी शौकीना के साथ सगाई हो रखी थी, लेकिन सगाई के बाद उसे शौकीना के अवैध सम्बन्ध अन्य व्यक्तियों के साथ होने की जानकारी मिली। साथ ही कुछ आपत्तिजनक फोटो भी मिले, जिसमें वह किसी गैर मर्द के साथ आपत्तिजनक स्थिति में थी।
इन सब बातों से नाराज शहराज ने कई बार किनारा करने का प्रयास किया, लेकिन मृतका की ओर से शादी न करने पर उसे मुकदमे में फंसाने की बात कहने पर उसने मजबूरन अपने कदम वापस ले लिये। आरोपित शहराज ने बताया कि हत्या के दिन प्रेमिका ने कहीं घूमने की गुजारिश की तो वह अपने ही गांव के लड़के के साथ उसकी मोटर साइकिल पर अपनी मंगेतर को लेकर शाहमंसूर के जंगल में गए।

# उक्रांद युवा प्रकोष्ठ ने राज्य सरकर के कार्यों को लेकर लगाये आरोप

**आरोप**

**डबल इंजन वाले सरकार के पहले इंजन का हाल तो सारा देश देख रहा है: राजेंद्र सिंह बिष्ट**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उक्रांद युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह बिष्ट ने राज्य सरकर के कार्यों को लेकर आरोप लगाए हैं।
उक्रांद के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने शनिवार को कहा कि कुछ दिनों पहले प्रधानमंत्री ने कहा था कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उतराखंड का होगा। उत्तराखंड के युवाओं का विकास होगा, लेकिन डबल इंजन वाले सरकार के पहले इंजन का हाल तो सारा देश देख रहा है, लेकिन जो इंजन उत्तराखंड को दिया गया है, वह वास्तविक रूप से राज्य के के हित में ना होकर राज्य को विनाश की ओर ले जा रहा है।
जंगलों में आज दिन तक वनागनि के 1086 घटनाओं में कम से कम 1486 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र वनाग्नि से राख हो गए और 6 लोगों की आग से झुलस कर मृत्यु हुई। अनेक घायल हो गए, जब हाई कोर्ट ने मामले का संज्ञान लिया, तब महकमे से लेकर धामी सरकार के सिर्फ धामी ने कागजों में दौड़ भाग दिखाई। मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा तो मुख्य सचिव को तलब किया गया, लेकिन हमारे राज्य के ब्यूरोक्रेट्स तथा वन मंत्री ने अभी तक इस मामले को गंभीरता पूर्वक नहीं लिया। मीडिया जगत के द्वारा भी प्रश्न पूछने के बाद भी सरकार का यह रुख दिखाता है कि इनकी इछाशक्ति राज्य के लिए कार्य करने की नहीं है, अरबों की वन संपदा का स्वाहा होना आने वाले समय में पारिस्थितिकी तंत्र में भी प्रतिकूल प्रभाव डालेगा।

# जंगल में आग लगाने के आरोप में वेल्डर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**नैनीताल/टीम एक्शन इंडिया**
जनपद मुख्यालय के निकटवर्ती ज्योलीकोट के चोपड़ा गांव में फ्लैक्सी के फ्रेम में वेल्डिंग करते समय चिंगारी गिरने के कारण जंगल में आग लग गयी और इससे चोपड़ा वन पंचायत का लगभग एक हेक्टेयर वन क्षेत्र जल गया। इस पर चोपड़ा गांव की सरपंच कमलेश जीना पत्नी दिनेश जीना ने आरोपित वेल्डर को पकड़कर थाने लाकर शिकायत दी।शिकायत के आधार पर थाना तल्लीताल में भारतीय दंड संहिता की धारा 435 के तहत आरोपित वेल्डर मो. इस्लाम पुत्र अफसर अली निवासी भ  किया। तल्लीताल पुलिस टीम ने आरोपित को नियमानुसार गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई की।

# क्षेत्रीय आर्थिक विकास के मुद्दों पर अनुसंधान को बढ़ावा देने पर जोर, चुनौतियों व समाधान के बारे में बताया



**कार्यशाला**

**आर्थिक विकास के मुद्दों पर अनुसंधान को बढ़ावा" विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया।**

**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
डीएवी पीजी महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की ओर से शनिवार को "अनुसंधान पद्धतिः क्षेत्रीय आर्थिक विकास के मुद्दों पर अनुसंधान को बढ़ावा" विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुनील कुमार ने क्षेत्रीय आर्थिक विकास में असमानताओं के बारे में विस्तार से समझाया।
मुख्य वक्ता दून विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष और स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज के डीन प्रो. आरपी ममगांई ने क्षेत्रीय असमानताओं की चुनौतियों व समाधान के विषय में विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने अर्थशास्त्र में कैरियर के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। साथ ही हिमालयी राज्यों में प्रति व्यक्ति आय में भारी अंतर के कारण भी बताए। अतिथि वक्ता ग्राफिक एरा विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग की प्रोफेसर आशुलेखा गुप्ता ने अर्थशास्त्र में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में होने वाले शोध तथा डेटा विश्लेषण में प्रयोग होने वाले सॉफ्टवेयर के प्रयोग करने के विभिन्न तरीकों पर अपने विचार रखे।
अर्थशास्त्र विभाग की अध्यक्ष प्रो. देवना जिंदल शर्मा ने कहा कि भविष्य में विभाग इस प्रकार की शैक्षणिक गतिविधियां करता रहेगा। कार्यशाला का संचालन प्रो. शिखा नागलिया शर्मा ने किया। इस दौरान प्रो. जीवन प्रकाश मेहता, रचना दीक्षित, वीबी चौरसिया, अल्पना निगम, सविता चौनियाल महत्वपूर्ण भूमिका में रहे। शोधकताओं , राकेश सिंह, रविन्द्र यादव और राधा त्रिपाठी ने कार्यशाला में बढ़-चढ़कर भागीदारी की।
इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रो. एसपी जोशी, मुख्य नियंता प्रो. एमएम जसल, मृदुला शर्मा, ओनिमा शर्मा, अर्चना पाल समेत शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं आदि थे।

# अपनी हार देख निकाय चुनाव टाल रही सरकार:उत्तराखंड कांग्रेस

**निशाना साधा**

**उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नवीन जोशी ने चुनाव को लेकर भाजपा पर निशाना साधा**



**देहरादून/टीम एक्शन इंडिया**
उत्तराखण्ड कांग्रेस कमेटी के महामंत्री नवीन जोशी ने निकाय चुनाव को लेकर भाजपा पर निशाना साधा।
रायपुर विधानसभा अंतर्गत सहस्त्रधारा में शनिवार को जनता को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार अपनी हार को देखते हुए निकाय चुनाव को टाल रही है।
कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री जोशी ने कहा कि भाजपा निकायों में प्रशासकों को बैठाकर अपना कब्जा करना चाहती है। उन्होंने कहा भाजपा सरकार अपनी जनविरोधी नीतियों को छुपाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपनाकर जनता की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। इसका कड़ा विरोध किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा देश के "सर्वधर्म सम्भाव" को समाप्त कर देश का माहौल खराब कर रही है, जो स्वच्छ लोकतंत्र के लिए अच्छ संकेत नहीं हैं।
उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने 10 वर्ष के कार्यकाल में पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस तथा खाद्य पदार्थों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि के अलावा कोई उपलब्धि हासिल नहीं की। उन्होंने कहा कि आज मंहगाई अपने चरम पर है। आम आदमी को दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इससे आम जनता का भाजपा से मोह भंग हो रहा है।
इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता आषीश नौटियाल, साविती थापा, मनमोहन शर्मा, राजीव शाह, आयुश बिष्ट, रवि तनेजा, मिनाक्षी थापा, रीता देवी, अंजलि माही आदि थे।

# मंगेतर के साथ की बेवफाई, जान गंवाकर चुकानी पड़ी कीमत

**हरिद्वार/टीम एक्शन इंडिया**
जंगल में मिली युवती के शव के मामले में पुलिस ने पर्दा उठाते हुए युवती के मंगेतर को गिरफ्तार कर लिया है। युवक ने बेवफाई के चलते अपनी प्रेमिका को मौत के घाट उतारा था। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने मृतका के मोबाइल के कुछ टूटे हिस्से भी बरामद किए हैं।
जानकारी के मुताबिक 14 अप्रैल को भगवानपुर थाने में खेलडी निवासी मोहर्रम अली ने अपनी 19 वर्षीय बेटी शौकीना के गुम हो जाने के संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। मोहर्रम ने बताया था कि बीती 13 अप्रैल की सुबह उसकी बेटी अपनी सहेली के घर सिकरोडा जाने की बात कहकर घर से निकली थी, लेकिन वापस नहीं लौटी। भगवानपुर पुलिस ने युवती की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश के प्रयास किये, लेकिन गुमशुदा का कहीं कुछ पता न चलने पर गुमशुदगी को अपहरण में दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।



13 मई को थाना बुग्गावाला क्षेत्र के शाहमंसूर के जंगल में एक महिला का शव बरामद हुआ। गुमशुदा युवती के परिजनों ने बरामद शव की पहचान अपनी बेटी के रूप में की।
पुलिस टीम ने मृतका शौकीना के मोबाइल नम्बर में मिले संदिग्ध मोबाइल नम्बरों की पड़ताल कर सामने आए तथ्यों के आधार पर मृतका के मंगेतर शहराज पुत्र अजीज निवासी ग्राम खेलडी थाना भगवानपुर जनपद हरिद्वार को हिरासत में लेकर पूछताछ की। सख्ती से पूछताछ में कथित मंगेतर ने बताया कि चार-पांच साल से संबंध में रहने पर उसकी शौकीना के साथ सगाई हो रखी थी, लेकिन सगाई के बाद उसे शौकीना के अवैध सम्बन्ध अन्य व्यक्तियों के साथ होने की जानकारी मिली। साथ ही कुछ आपत्तिजनक फोटो भी मिले, जिसमें वह किसी गैर मर्द के साथ आपत्तिजनक स्थिति में थी।
इन सब बातों से नाराज शहराज ने कई बार किनारा करने का प्रयास किया, लेकिन मृतका की ओर से शादी न करने पर उसे मुकदमे में फंसाने की बात कहने पर उसने मजबूरन अपने कदम वापस ले लिये। आरोपित शहराज ने बताया कि हत्या के दिन प्रेमिका ने कहीं घूमने की गुजारिश की तो वह अपने ही गांव के लड़के के साथ उसकी मोटर साइकिल पर अपनी मंगेतर को लेकर शाहमंसूर के जंगल में गए। पुलिस ने बताया कि वारदात का तानाबाना पहले ही बुन चुके शहराज ने अपने दोस्त को मजार देखने भेज दिया और मौका पाकर दुपट्टे से गला घोंटकर शौकीना का कत्ल कर दिया। इसके बाद शहराज ने पहले शौकीना के शव को बरसाती नाले के रेत में दबाया और फिर मृतका का मोबाइल तोड़कर नवादा जाने वाले रास्ते पर पुल के पास फेंक दिया।

# सात दिनों से लापता अवर अभियंता अमित चौहान ऋषिकेश में मिला

**उत्तरकाशी/टीम एक्शन इंडिया**
एक सप्ताह से लापता एनएच देहरादून के अवर अभियंता अमित चौहान शनिवार को ऋषिकेश में मिल गया है। अमित के रिश्तेदारों के मुताबिक अवर अभियंता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं बताई जा रही है।
अवर अभियंता की पत्नी अंजना ने बताया कि बीती 12 मई को शाम करीब पांच बजे उनके देहरादून आवास पर एक ठेकेदार आया था। वह उनके पति को अपने साथ यह कहकर ले गया कि एक घंटे बाद वापस आ जाएंगे। शाम 7:45 बजे अंजना की अपने पति अमित चौहान से अंतिम बार टेलीफोन पर बात हुई थी। उसके बाद से अमित का फोन बंद चल रहा है। 13 मई को अंजना ने ठेकेदार से टेलीफोन पर बात की।



ठेकेदार ने उन्हें बताया कि अमित को वे डुण्डा, उत्तरकाशी अपने साथ लेकर आए हैं। थोड़ी देर में फोन पर उनसे बात करा देंगे, लेकिन अंजना चौहान की अपने पति से कोई बात नहीं हो पाई है।

